कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

::कार्यालय आदेश::

इस कार्यालय के आदेश क्रमांक शिविरा/माध्य/संस्था/बी–2/45002/प्रधानाचार्य/स्थानान्तरण/2021 दिनांक 04.01.2021 द्वारा श्री सुमेर सिंह शेखावत, प्रधानाचार्य, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पीलवा, परबतसर जिला नागौर का स्थानान्तरण राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ढाबला भोज, सुनेल जिला झालावाड़ किया गया था जिसके विरूद्ध श्री सुमेर सिंह शेखावत द्वारा माननीय राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, जयपुर में अपील संख्या 565/2021 श्री सुमेर सिंह शेखावत बनाम राजस्थान राज्य व अन्य दायर की गई ।

अपील संख्या 565/2021 में माननीय अधिकरण द्वारा पारित आदेश दिनांक 27.01.2021 द्वारा अपीलार्थी श्री सुमेर सिंह शेखावत को अपनी व्यक्तिगत कठिनाईयों के सम्बन्ध में सक्षम अधिकारी के समक्ष 15 दिवस की अवधि में अपना अभ्यावेदन पेश करने एवं सक्षम अधिकारी द्वारा उपर्युक्त आशय का अभ्यावेदन प्राप्त होने पर उसे विधि अनुसार राज्य सरकार के दिशा–निर्देशों/नियमों/परिपत्रों के परिप्रेक्ष्य में एक सकारण आख्यात्मक आदेश (REASONED SPEAKING ORDER) प्रसारित करते हुए दो सप्ताह के भीतर निस्तारित किये जाने सम्बन्धी आदेश प्रदान किये गए। उक्तानुसार अपीलार्थी के अभ्यावेदन को सक्षम प्राधिकारी द्वारा निस्तारित किये जाने तक विभागीय आलोच्य स्थानान्तरण आदेश दिनांक 04.01.2021 का क्रियान्वयन माननीय अधिकरण द्वारा अपीलार्थी के सम्बन्ध में स्थगित रखा गया है।

माननीय अधिकरण के निर्णय के क्रम में अपीलार्थी श्री सुमेर सिंह शेखावत द्वारा अभ्यावेदन प्रस्तुत कर विभागीय आदेश दिनांक 04.01.2021 को अपीलार्थी की हद तक निरस्त किये जाने का निवेदन किया गया।

अपीलार्थी के अभ्यावेदन का माननीय अधिकरण के निर्णय एवं राज्य सरकार एवं विभाग के दिशा–निर्देशों/नियमों/परिपत्रों के परिप्रेक्ष्य में परीक्षण किया गया एवं उनकी मांग पर विचार किया गया। अपीलार्थी की प्रतिकूल पारिवारिक परिस्थितियों एवं उनके पूर्व पदस्थापन स्थान राउमावि पीलवा, परबतसर जिला नागौर में वर्तमान में प्रधानाचार्य का पद रिक्त होने को मद्देनजर रखते हुए विभागीय स्थानान्तरण आदेश दिनांक 04.01.2021 को अपीलार्थी श्री सुमेर सिंह की हद तक एतद द्वारा निरस्त किया जाता है जिसके फलस्वरूप श्री सुमेर सिंह शेखावत राउमावि पीलवा, परबतसर जिला नागौर में प्रधानाचार्य के पद पर कार्यरत रहेंगे।

(सौरभ स्वामी)
आई.ए.एस
निदेशक माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः शिविरा–मा./संस्था/बी–2/अपील/सुमेर सिंह/565/2021 दिनांकः 03.02.2021

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान सरकार, जयपुर।
2. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
3. संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा, अजमेर/कोटा संभाग, अजमेर/कोटा।
4. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, नागौर/झालावाड़।
5. जिला शिक्षा अधिकारी, (मुख्यालय) माध्यमिक नागौर/झालावाड़।
6. सम्बन्धित मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी।
7. जिला शिक्षा अधिकारी (विधि) माध्यमिक, जयपुर।
8. सहायक निदेशक, विधि अनुभाग कार्यालय हाजा।
9. सिस्टम एनालिस्ट कम्प्यूटर अनुभाग को विभागीय वैबसाइट पर अपलोड हेतु।
10. श्री सुमेर सिंह शेखावत, स्थानान्तरणाधीन प्रधानाचार्य राउमावि ढाबला भोज, सुनेल जिला झालावाड़।
11. निजी/रक्षित पत्रावली।

संयुक्त निदेशक(कार्मिक)